an>

Title: Need to enquire the suicide of Hon'ble Members of Lok Sabha.

श्री विजय कुमार (गया): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे अति महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय शून्यकाल में उठाने की इजाजत दी है, इसके लिए मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

22 फरवरी, 2021 को दादर नगर हवेली के वरिष्ठ सांसद मोहन देलकर मुम्बई के एक होटल में मृत पाये गये। आज 17 मार्च को मंडी हिमाचल प्रदेश के सांसद श्री रामस्वरूप शर्मा ने दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास में आत्महत्या कर ली। यह जांच का विषय है कि दोनों सांसदों ने आत्महत्या क्यों की? स्वर्गीय मोहन देलकर की विधवा पत्नी ने सांसदों के नाम इस लोकतंत्र के मंदिर से न्याय की उम्मीद रखते हुए पत्र लिखा है, जो इस सदन के अधिकांश सांसद मित्रों को मिला होगा। जो व्यक्ति 7 बार सांसद रहा हो और बराबर संवैधानिक हक की लड़ाई लड़ते हुए अगली कतार में खड़ा दिखा हो, वैसे जांबाज और निर्भीक सांसद आत्महत्या कर लेगें, यह समझ से परे लगता है। उनकी पत्नी ने भी आशंका जाहिर की हैं। स्वर्गीय देलकर के मरणोपरान्त एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें सांसद को प्रताड़ित और धमकी देने वाले अधिकारियों और लोगों का जिक्र है। यह कहां तक सत्य है, यह बात तो जांच से पता चलेगी। स्व. देलकर दलित, आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखते थे, शायद इसीलिए इनकी मृत्यु अथवा हत्या को मीडिया ने तवज्जोह नहीं दी। महोदय, मैं सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि कोई तीसरा सांसद साथी आत्महत्या न करे, इसके लिए गंभीरता से सरकार को हर बिंदु पर जांच करनी चाहिए। जयहिंद, जय भारत।